थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 चोर अपचारी को मय चोरी किये गये सोने चांदी के जेवरात सहित गिरफ्तार किया गया

दिनांक 27.02.2023 को वादी लालता प्रसाद एडवोकेट पुत्र स्व0 श्री ओमप्रकाश निवासी मो0 कटरा आलमशाह पक्का बाग थाना कोतवाली बदायूँ के घर पर अज्ञात चोरो द्वारा घर मे रखे बक्से अलमारी का ताला तोड कर सोना चादी के जैवरात चोरी कर लेने जाने के सम्बन्ध मे अज्ञात चोरो के विरूद्द मु0अ0स0 89/23 धारा 475,380 भादवि पंजीकृत कराया गया था। जिसके सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 ओ0पी0 सिह बदायूँ द्वारा उपरोक्त अभियोग का अनावरण करने व जेवरात बरामद / अभियुक्त को गिरफ्तार करने हेतु शीघ्र निर्देश दिये गये थे । जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण, एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व मे तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली की अगुवाई में उक्त अभियोग के अनावरण हेतु टीम गठित कर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये उपरोक्त मुकदमे का अनावरण करते हुए 02 अपचारी अपराधी को उक्त मुकदमे मे चोरी हुई सोना चादी जेवरात सहित गिरफ्तार किया गया तथा मुकदमा उपरोक्त मे 411 भादवि की वृद्दि की गयी विधिक कार्यवाही करते हुये दोनो अपचारी अपराधी को मा0 किशोर न्यायालय के समक्ष पेशी किया गया ।

बरामदगी का विवरण

एक जंजीर पीली धातु

दो अगूठी मर्दाना व एक नगदार एक सादा पीली धातू

दो अगूछी लेडीज पीली धाटू

एक जोडी झाले पीली धातू

एक हार पीली धातू

दो जोडी पायलसफेद धातू

एक हाफ करधनी सफेद धातू

एक गुच्छा सफेद घातू

सोशल मीडिया सैल

जनपद बदायूँ